तुम्हारे लिए वो सारी चीज़ें हैं, जिनकी तमन्ना तुमने की है और उनके साथ उनके समान और भी चीज़ें हैं।''

अबू हुरैरा -रज़ियल्लाहु अनहु- का वर्णन है कि अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फ़रमाया है : ''तुम में से जो सबसे कम दर्जे का जन्नती होगा (वो भी ऐसा होगा
कि अल्लाह) उससे कहेगा : (जो चाहो) तमन्ना करो। चुनांचे वह बहुत सारी चीज़ों की तमन्ना करेगा। फिर अल्लाह उससे कहेगा : क्या तुमने तमन्ना कर ली? वह कहेगा : हाँ। तब अल्लाह
उससे फ़रमाएगा : तुम्हारे लिए वो सारी चीज़ें हैं, जिनकी तमन्ना तुमने की है और उनके
साथ उनके समान और भी चीज़ें हैं।'' [स़ह़ीह़] [इसे मुस्लिम ने रिवायत किया है]

अल्लाह के नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- बता रहे हैं कि जन्नत के अंदर प्रवेश करने वाले लोगों में सबसे कम दर्जे वाले व्यक्ति की भी यह शान होगी कि अल्लाह उससे तमन्ना करने को कहेगा और जब वह सारी तमन्नाएँ सामने रख देगा और उसकी कोई आरज़ू बाक़ी नहीं रहेगी, तो अल्लाह उससे पूछेगा : तूने सारी तमन्नाएँ कर लीं? जवाब देगा : जी, कर ली। यह सुन अल्लाह उससे कहेगा : तुम्हारे लिए वो सारी चीज़ें हैं, जिनकी तमन्ना तुमने की है और उनके साथ उनके समान और भी चीज़ें हैं।

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/8342